प्रपत्र-'अ'

सदन में उत्तर देने का दिनांक11/07/2024

अतारांकित प्रश्न क्रमांक-983

माननीय विधायक श्री राकेश शुक्ला

विभिन्न चरणों में एजेन्सियों द्वारा किए गये कार्यों का विवरण

1. मेसर्स एल.एन.टी. लिमिटेड, मुंबई द्वारा 9696 नग स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए। कार्य शत प्रतिशत पूर्ण।

2. मेसर्स बी.सी.आई.टी.एस. लिमिटेड, बेंगलौर द्वारा स्वीकृत 10 किलोवॉट एवं 10 किलोवॉट से अधिक विद्युत भार के विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में 3932 नग स्मार्ट मीटर स्थापित किये गये है। कार्य शत प्रतिशत पूर्ण।

3. मेसर्स बी.सी.आई.टी.एस. लिमिटेड, बेंगलौर के द्वारा के.एफ. डब्ल्यू. परियोजना अंतर्गत 18754 विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर स्थापित किया जाना है, जिसमें से 10571 विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं। शेष 8183 विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर स्थापना के कार्य प्रक्रियाधीन है।

4. मेसर्स टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के द्वारा 796 स्मार्ट मीटर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। कार्य अभी प्रारंभ होना शेष है ।

अनुभाग अधिकारी
ऊर्जा विभाग, म.प्र. शासन
भोपाल

N

प्रपत्र-'ब'

<u>सदन में उत्तर देने का दिनांक11/07/2024</u>

<u>अतारांकित प्रश्न क्रमांक-983</u>

<u>माननीय विधायक श्री राकेश शुक्ला</u>

<u>कार्यों हेतु आवंटित राशि की जानकारी</u>

1) म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इन्दौर द्वारा मेसर्स एल.एन.टी. लिमिटेड, मुंबई को राशि रूपये 96.41 करोड़, का अवार्ड दिनांक 9.4.2018 को जारी किया गया था। उक्त अवार्ड इंदौर शहर वृत्त हेतु जारी किया गया है, जिसमें कि इंदौर विधानसभा क्षेत्र इंदौर-3 में स्थापित किये जा रहे स्मार्ट मीटर के कार्य भी समाहित हैं। विधानसभावार पृथक से कार्य और राशि का आवंटन नहीं किया गया है।

2) मेसर्स बी.सी.आई.टी.एस. लिमिटेड, बेंगलौर को 10 किलोवॉट एवं 10 किलोवॉट से अधिक विद्युत भार के विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर स्थापना हेतु राशि रू. 24.49 करोड़ का अवार्ड दिनांक 5.8.2021 को जारी किया गया था। उक्त अवार्ड इंदौर शहर वृत्त हेतु जारी किया गया है, जिसमें इंदौर विधानसभा क्षेत्र इंदौर-3 में स्थापित किये जा रहे स्मार्ट मीटर के कार्य भी समाहित है। विधानसभावार पृथक से कार्य और राशि का आवंटन नहीं किया गया है।

3) मेसर्स बी.सी.आई.टी.एस. लिमिटेड, बेंगलौर को के.एफ.डब्ल्यू. परियोजना अंतर्गत राशि रू. 396.63 करोड़ का कंपनी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर स्थापना हेतु आदेश दिनांक 01.06.2022 को जारी किया गया है, जिसमें इन्दौर शहर वृत्त के साथ इंदौर विधानसभा क्षेत्र इंदौर-3 में स्मार्ट मीटर स्थापित करने का कार्य समाहित है। उक्त अवार्ड वृत्तवार एवं विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित नहीं किया गया है।

4) मेसर्स टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग को राशि रू. 633.24 करोड़ का अवार्ड कंपनी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर स्थापना हेतु दिनांक 5.10.23 को जारी किया गया था, जिसमें सर्वे कार्य पूर्ण होकर स्मार्ट मीटर लगने का कार्य प्रक्रियाधीन है। उक्त अवार्ड में इन्दौर शहर वृत्त के साथ इंदौर विधानसभा क्षेत्र इंदौर-3 में स्मार्ट मीटर स्थापित करने का कार्य समाहित है। उक्त अवार्ड विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित नहीं किया गया है।

अनुभाग अधिकारी
ऊर्जा विभाग, म.प्र. शासन
भोपाल

N